# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560 003

# KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## ರಾಜ್ಯ ಮಟ್ಟದ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪೂರ್ವಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ, ಫೆಬ್ರವರಿ/ಮಾರ್ಚ್ — 2024

## STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION, FEBRUARY/MARCH — 2024

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : **61-H** | **Subject Code : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

ದಿನಾಂಕ : 28. 02. 2024 ] [ Date : 28. 02. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

---

*परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8

1. 'बहुत' शब्द का विलोम रूप है –

(A) अधिक (B) कम

(C) ज्यादा (D) विपुल

2. 'कुत्ता' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

(A) कुत्ते (B) श्वान

(C) चुहिया (D) कुतिया

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

(A) गलियाँ (B) चिड़िया

(C) केला (D) तितली

4. 'बैठना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) बैठ (B) बैठक

(C) बिठाना (D) बैठो

5. 'सदैव' शब्द किस संधि का उदाहरण है ?

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) यण्

6. 'देशवासी' शब्द में समास है –

(A) द्वंद्व (B) द्विगु

(C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरुष

7. घर में कौन है ?

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) विस्मयादिबोधक

(C) पूर्ण विराम (D) अल्प विराम

8. बचेन्द्री पाल ................. माता हंसादेई नेगी हैं ।

(A) का (B) के

(C) की (D) को

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

9. गिल्लू की आँखें : चंचल–चमकीली : : गिल्लू की पूँछ : ......................

10. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ..................

11. सक्सेना परिवार का कुत्ता : शेरू : : शर्मा परिवार का कुत्ता : ...............

12. बालकृष्ण : भोला–भाला : : बलराम : ........................

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4

13. रोज़ एक सेब खाने से किनकी ज़रूरत नहीं रहेगी ?

14. लेखक परसाई जी ने धूप का चश्मा कहाँ रखा था ?

15. ईश का दिया हुआ अनुपम धन क्या है ?

16. हंस का गुण कैसा होता है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16

17. किन्द्रू लालिम और किंचा लालीदाम ने किन–किन जानवरों से मुलाकात की ?

18. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की ज़रूरत क्यों थी ?

19. 'कश्मीरी सेब' पाठ का संदेश क्या है ?

20. नमाज़ के बारे में जैनुलाबदीन के विचार क्या थे ?

21. बालकृष्ण अपनी माता से क्या–क्या शिकायतें करता है ?

22. कविता के आधार पर समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

23. सौर–मंडल में शनि ग्रह का स्थान क्या है ?

अथवा

शनि का वायुमंडल किन–किन गैसों से बना है ?

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

अथवा

मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27

25. गिल्लू और महादेवी वर्मा जी के भावनात्मक संबंध के बारे में अपने शब्दों में लिखिए ।

26. पंडित राजकिशोर के मानवीय गुण अनुसरणीय हैं । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

27. 'वीडियो कान्फरेन्स' की उपयोगिता के बारे में लिखिए ।

28. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?

29. बचेन्द्री पाल् एक साहसी महिला हैं । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

30. मातृभूमि कविता में 'भारत माता' का स्वरूप कैसे वर्णित है ?

31. कविता के आधार पर आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कीजिए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।

तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेज़ी में कीजिए :

बचपन में अब्दुल कलाम के तीन अच्छे दोस्त थे – रामानंद शास्त्री, अरविंदन और शिवप्रकाश । ये तीनों ही ब्राह्मण परिवारों से थे । रामानंद शास्त्री तो रामेश्वरम् मंदिर के सबसे बड़े पुजारी पक्षी लक्ष्मण शास्त्री का बेटा था ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

कर्नाटक के साहित्यकारों ने कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है । इस कथन का समर्थन कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..................................

..........................................

..........................................

..............................भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1 × 4 = 4**

36. कबीर का जन्म संवत् 1455 में काशी के एक ब्राह्मण परिवार में होने पर भी इनका लालन–पालन नीमा और नीरू नामक जुलाहा दंपति ने किया । ये रामानन्द के शिष्य थे । पढ़े–लिखे नहीं होने पर भी वे संतों के सत्संग से बहु ज्ञानी बने थे । इन्होंने समाज की कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया ।

(अ) कबीरदास का जन्म कहाँ हुआ ?

(आ) कबीरदास का जन्म किस परिवार में हुआ ?

(इ) कबीरदास का लालन–पालन किसने किया ?

(ई) कबीरदास ने क्या प्रयास किया ?

**VIII.** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4

37. (क) जनसंख्या विस्फोट

* प्रस्तावना
* वृद्धि के कारण
* परिणाम और उपचार
* उपसंहार ।

(ख) बेरोज़गारी

* प्रस्तावना
* कारण
* दुष्परिणाम
* उपसंहार ।

(ग) इंटरनेट–एक वरदान

* प्रस्तावना
* अर्थ
* योगदान
* उपसंहार ।

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : $1 \times 5 = 5$

38. पढ़ाई की प्रगति के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

अथवा

भाई के विवाह में शामिल होने का कारण बताते हुए तीन दिन की छुट्टी माँगकर अपने कक्षाध्यापक को पत्र लिखिए ।